सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 10 मार्च, 2022

अल्पसूचित प्रश्न सं0-52 (श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, क्षेत्र सं0-231, नवीनगर)

(लिखित उत्तर)

श्री मुकेश सहनी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, 1. आंशिक स्वीकारात्मक है ।

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार द्वारा वर्ष 2017-18, 2018-19 तथा 2019-2020 में दो बार एफ0एम0डी0 टीकाकरण कार्यक्रम पूरे राज्य में कराया गया । वर्तमान में भारत सरकार के शत प्रतिशत केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NADCP) अंतर्गत एफ0एम0डी0 टीकाकरण कार्यक्रम प्रारंभ है ।

2. अस्वीकारात्मक है ।

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार द्वारा वर्ष 2020 में पी0पी0आर0 तथा ब्रुसेला टीकाकरण, वर्ष 2021 में पी0पी0आर0 तथा एच0एस0बी0क्यू0 टीकाकरण पूरे राज्य में कराया गया । वर्तमान में भारत सरकार के शत प्रतिशत केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NADCP) अंतर्गत एफ0एम0डी0 टीकाकरण कार्यक्रम प्रारंभ है । संप्रति राज्य अंतर्गत 08 जिलों (चार जिलों में पूर्ण एफ0एम0डी0 टीकाकरण एवं चार जिलों में रिंग एफ0एम0डी0 टीकाकरण) में खुरहा एवं मुहपका रोग (एफ0एम0डी0) के विरुद्ध टीकाकरण संचालित है ।

3. अंश 'क' तथा 'ख' में वस्तुस्थिति स्पष्ट कर दी गई है ।

श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह : महोदय, 2019 के बाद एफ0एम0डी0 का टीका लगा कि नहीं, यदि नहीं तो क्यों ?

अध्यक्ष : माननीय मंत्री, पशु एवं मत्स्य विभाग ।

श्री मुकेश सहनी, मंत्री : महोदय, 2019-2020 में 1 करोड़ 65 लाख टीका लगा और 2020-2021 में नहीं लगा और 2021-2022 में अभी हम 20 लाख टीका लगा चुके हैं सिर्फ एक साल नहीं लगने का कारण, कोरोना महामारी की वजह से नहीं लग पाया क्योंकि वैक्सीन उपलब्ध नहीं करा पाए क्योंकि केंद्र सरकार से वैक्सीन आना है वहां से उपलब्ध नहीं होने के कारण हुआ लेकिन वैक्सीन लगना चालू है ।

श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने जवाब में दिया था कि भारत सरकार के द्वारा टीका आ रहा है लेकिन उस टीके का सैंपल एफ0एम0डी0 टीका के पूर्व कितने पशुओं का सैंपल लिया गया और टीका लगने के बाद कितनों का सैंपल लेकर इसकी जांच की कोई व्यवस्था अभी तक आप लोगों ने किया है कि नहीं किया है ?

श्री मुकेश सहनी, मंत्री : महोदय, टीका पूरे भारत में ऑलरेडी टीकाकरण लगता ही है हमेशा टीका की जांच, टीका होने के बाद उसकी आवश्यकता नहीं गिरती है कभी भी टीका के जांच करने की, टीका ऑलरेडी हंड्रेड परसेंट टेस्टिंग रहता है और टीका में कोई संशय करने की आवश्यकता नहीं है ।

श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह : महोदय, जैसे इसमें माननीय मंत्री जी ने जवाब में दिया है कि अगर यह टीकाकरण चल रहा है तो यह मात्र 8 ही जिलों में चल रहा है, आपके जवाब में आया है और 8 में, 4 में कहा जाता है कि रिंग टीकाकरण किया जा रहा है तो ऐसा क्यों है कि केवल 8 ही जिले में यह टीकाकरण हो रहा है क्योंकि यह आपने जवाब में भी दिया है कि एफ0एम0डी0 का जो यह प्रकोप है वह जहां भी फैला है तो ऐसा नहीं है कि 8 ही जिले में पूरे स्टेट के अंदर में यह पशुओं के बीच में फैला था तभी आप लोगों ने इतना सारा टीका लगवाया है । लेकिन अभी तक केवल 8 ही जिले क्यों चिन्हित हुए और सब जिलों में क्यों नहीं यह कार्यक्रम चल रहा है ।

श्री मुकेश सहनी, मंत्री : महोदय, शीघ्र ही बाकी जिलों में चालू होगा जैसे वैक्सीन उपलब्ध जब हो जायेगी, केंद्र सरकार से हंड्रेड परसेंट योगदान पर बिहार सरकार को उपलब्ध कराया जा रहा है क्योंकि पहले बिहार सरकार परचेज करती थी लेकिन अभी केंद्र सरकार से हंड्रेड परसेंट अनुदान पर बिहार सरकार को उपलब्ध कराया जा रहा है और हमलोग विभाग से पत्राचार किये हैं शीघ्र ही उपलब्ध कराकर बाकी जिलों में भी कार्य चालू हो जायेगा ।

अध्यक्ष : ठीक है । माननीय सदस्य, श्री शकील अहमद खाँ ।

अल्पसूचित प्रश्न सं0-53 (श्री शकील अहमद खाँ, क्षेत्र सं0-64, कदवा)

(लिखित उत्तर)